## ...रया के पास अवैध ...की कराई भराई

...स : जोगता थाना क्षेत्र के ...12 बस्ती के सेंद्रा नमक फैक्ट्री ... पास सिजुआ क्षेत्रीय प्रबंधन की देखरेख में शुक्रवार को अवैध खनन स्थल की भराई कराई गई। इसमें क्षेत्र के एजीएम बीबी सिंह, एरिया नोडल अफसर (सुरक्षा) अशोक कुमार, कनकनी कोलियरी प्रबंधक गोपाल जी, सुरक्षा पदाधिकारी नितिश कुमार, सीआइएसएफ के आर पटेल, रामानुज दुबे शामिल थे। सेंद्रा जोरिया के बगल में नमक फैक्ट्री के पास अवैध उत्खनन कर कोयला निकाला जा रहा था। नमक फैक्ट्री के पास कोयला भी डंप होने के बावजूद सीआइएसएफ ने कभी यहां छापेमारी नहीं की। (संस)

...थाना क्षेत्र के सुदामडीह रिवर साइड निवासी मन्नू कुमार रजक की 25 वर्षीय पत्नी अंजली कुमारी ने पारिवारिक कलह के तंग आकर शुक्रवार की दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

घटना के बाद स्वजन अंजली को तुरंत चासनाला सीएचसी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद धनबाद रेफर कर दिया, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। विवाहिता अंजली की मां गुंजरी देवी ने कहा कि तीन वर्ष पूर्व अंजली का विवाह हुआ था। इसके बाद से ही पुत्री व दामाद में आए दिन झगड़ा होता था। शुक्रवार को भी दोनों में झगड़ा हुआ। इसके बाद अंजली ने कमरे में फांसी लगाने का प्रयास किया। वहीं पति मन्नू ने आत्महत्या करने की कोशिश की।

...भुरुंगिया बिजली घर में लगे 500 केवी के ट्रांसफार्मर में खराबी आने से भुरुंगिया क्वार्टर व गांव में आठ दिन से बिजली व पानी की समस्या गहरा गई है। किसी तरह लोग दिन और रात काट रहे हैं। रात में बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। लोगों ने बिजली घर के पास ट्रांसफार्मर शीघ्र मरम्मत कराने की मांग को लेकर धरना दिया।

इस दौरान सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ग्रामीणों की समस्या जानने पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी और पश्चिमी झरिया क्षेत्र के महाप्रबंधक अरिंदम मुस्तफी से दूरभाष से बातचीत की। लोहपट्टी कोलियरी के अभियंता ने वार्ता में आश्वासन दिया कि तत्काल ट्रांसफार्मर को मरम्मत के लिए कतरास वर्कशाप ले जाया जा... है। शीघ्र ट्रांसफार्मर दुरूस्त क... लगवा दिया जाएगा। उन्होंने ... कि शीघ्र ही बिजली की वैकल्... व्यवस्था कराई जाएगी। सूचना प... जेबीकेएसएस नेता जयराम म...



भुरुंगिया क्वार्टर में आठ दिन से बिजल...

## सकारात्मक पहल नहीं हुई तो होगी आर्थिक नाकेबंदी

संस, जागरण, चासनाला : बीसीसीएल पूर्वी झरिया क्षेत्र प्रबंधन ने अपनी आउटसोर्सिंग परियोजना चलाने के लिए स्थानीय रैयतों व ग्रामीणों से जमीन लेकर उस पर उत्खनन कर लिया है। पर रैयतों को जमीन के एवज में मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। 21 जुलाई तक प्रबंधन वरीय अधिकारियों के साथ वार्ता कर रैयतों के बकाया मुआवजा राशि के भुगतान पर सकारात्मक पहल नहीं की तो झामुमो 22 जुलाई से भौंरा कोलियरी क्षेत्र का अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी करने को बाध्य होगी। ये बातें झामुमो नेता आशीष सिन्हा ने शुक्रवार को भौंरा गौरखुंटी में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि गौरखुंटी के रैयतों की जमीन भौंरा फोर ए पैच में गया है।


## स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़

XXXVII दीक्षांत समारोह

पीएचडी, डीएम, एमसीएच,एमडी, एमएस, एमडीएस और एमपीएच के संबंध में उम्मीदवारों को शैक्षणिक डिग्री प्रदान करने के लिए XXXVII दीक्षांत समारोह, जिनके कोर्सेज की अवधि **जून, 2023 और दिसंबर, 2023 में पूरी हुई है, 10 अगस्त, 2024** को पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के भार्गव सभागार में आयोजित किया जाएगा। जस्टिस डॉ.डी.वाई.चंद्रचूड, भारत के माननीय चीफ जस्टिस मुख्य अतिथि रहेंगे। भार्गव सभागार में फुल-ड्रेस रिहर्सल **शुक्रवार, 9 अगस्त, 2024 को प्रातः 9.00 बजे** आयोजित किया जाएगा। सभी डिग्री/पदक प्राप्तकर्ताओं के लिए रिहर्सल में भाग लेना अनिवार्य है। जो लोग रिहर्सल में भाग लेने में विफल रहेंगे उन्हें दीक्षांत समारोह के दिन भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कृपया दीक्षांत समारोह में भाग लेने की पुष्टि 31 जुलाई, 2024 तक ईमेल (pgiconvocation@gmail.com) के माध्यम से सूचित करें। पुरस्कार विजेताओं (अवार्डी) की सूची और विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट (http://pgimer.edu.in) पर उपलब्ध है।

उम्मेद माथुर, रजिस्ट्रार






## कोर्ट नोटिस

### न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन प्रथम श्रेणी, धनबाद

दिवानी वाद सं0- 522 / 2019

मेर्सेस बी0 सी0 सी0 एल0 ---------------- वादी

बनाम्

खेदू महताईन एवं अन्य ---------------- प्रतिवादी

1. खेदू महताईन, पति - स्व0 प्रहलाद महतो
2. दिन बंधु महतो, पिता- स्व0 प्रहलाद महतो
3. जग बंधु महतो, पिता- स्व0 प्रहलाद महतो

सभी सा0- गौरखुँटी, पो0- भौरा, थाना- सुदामडीह, जिला - धनबाद

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने प्रस्तुत वाद मेरे न्यायालय में आपलोगों के विरूद्ध संस्थित किया है, जिसमें आप लोगों की निर्देश दिया जाता है कि दिनांक - 23/07/24 समय - 7:30 बजे सुबह मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद का निष्पादन एक पक्षीय किया जाएगा।

आज दिनांक - 29/05/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रांक से जारी किया गया।

सिविल जज
कनीय कोर्ट / प्रथम धनबाद

यह सूचना बीसीसीएल की वेबसाइट www.bcclweb.in पर भी उपलब्ध है।




ADMISSION NO...

## झारखण्ड रक्षा शक्ति...

राज्य सरकार द्वारा स्थापित तथा विश्वविद्याल...
मेयर्स रोड (स्कीपा प...

आंतरिक सुरक्षा की पढ़ाई हेतु स्थापित...



-: पाठ्यक्र...

पुलिस साइंस में सर्टिफि...
(टाना भगत समुदाय ...

एडमिशन फार्म भरने ...
25 जुलाई ...
विशेष जानकारी के लि...
www.jrsuran...

झारखण्ड सरकार के द्वारा विश्वविद्यालय के... को झारखण्ड पुलिस बल में नियुक्ति के लिए...

अधिक जानकारी के लि...
फोन न.–0651–2285847 मो...
ईमेल– jharkhandrs...


दैनिक जागरण, धनबाद: 20/07/24